## खबर संक्षेप

### रेशम समृद्धि योजना के तहत किसानों का ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा।** सहायक संचालक रेशम विभाग छिंदवाड़ा ने जानकारी दी कि रेशम संचालनालय मध्यप्रदेश की विभागीय रेशम समृद्धि योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिये कृषकों की 01 एकड़ सिंचित निजी भूमि पर शहतूती (मलबरी) पौधारोपण कर मलबरी रेशम कृमिपालन अपनाने के लिये हितग्राहियों का ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिये विभागीय वेबसाइट (**https://eresharn.mp.gov.in**) ई-रेशम पोर्टल 29 मई 2026 से लाइव (प्रारंभ) की जा चुकी है। इच्छुक किसान अपनी 01 एकड़ सिंचित भूमि पर रेशम उत्पादन की इस लाभकारी योजना को अपनाना चाहते हैं, वे पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला रेशम अधिकारी कार्यालय छिंदवाड़ा से संपर्क किया जा सकता है।

### हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण की तैयारी

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र. जन अभियान परिषद भोपाल के निर्देशन में वार्षिक कार्ययोजना आधारित गतिविधियों के अंतर्गत जिले के विकासखंड जुन्नारदेव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष पहल की जा रही है। जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के मार्गदर्शन तथा सभी मेंटर्स के नेतृत्व में नवांकुर संस्था दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था कन्हान वनग्राम, पालाचौरई के तत्वावधान में विकासखंड जुन्नारदेव के सेक्टर क्रमांक 01 एवं 02 खुमकाल, पालाचौरई की विभिन्न समितियों द्वारा हरियाली अमावस्या पर आयोजित होने वाले पौधारोपण कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम के तहत खुमकाल, मड़काढाना, घुट्टी, पालाचौरई, डोडासेमर, मनकूघाटी एवं कन्हान वनग्राम समितियों के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम के सभी परिवार प्रमुखों के सहयोग से चिन्हित स्थानों पर अधिक से अधिक पौधारोपण किए जाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए समितियों द्वारा लगभग 200 से 250 पौधों की तैयारी के लिये बीजारोपण किया जा रहा है। इनमें फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों की प्रजातियां शामिल हैं, जैसे करंज, जाम, पीपल, बड़, तुलसी, नीम, आंवला, खमेर, बेलपत्र, सीताफल, इमली और सहजन आदि।

### निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की गई कार्रवाई




**छिन्दवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त सी.पी.राय के निर्देशानुसार आज खजरी रोड ओवरब्रिज के पास स्थित आदिवासी संग्रहालय क्षेत्र से लेकर पुराने बैल बाजार के आसपास के क्षेत्र होते हुए छोटा तालाब मेन रोड तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक सड़कों एवं मार्गों को बाधित करने वाले फुटकर व्यापारियों तथा दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका सामान जप्त किया गया। नगर निगम के अमले ने सड़क एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाया तथा संबंधित व्यापारियों को भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करने की समझाइश दी। नगर निगम ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## कृषि भूमि पर कट रही अवैध कॉलोनियों पर नगर प्रशासन की मेहरबानी


# चाँद में माफिया राज का कब्जा!

## खनन से प्लाटिंग तक का खुला खेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

जिले की चांद तहसील एक बार फिर अवैध गतिविधियों को लेकर चर्चा में है। क्षेत्र में एक ओर रेत और मुरम के अवैध उत्खनन की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर बिना वैधानिक स्वीकृतियों के विकसित की जा रही कॉलोनियां भी प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर कुछ प्रभावशाली लोग प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने के साथ-साथ कृषि भूमि को अवैध रूप से आवासीय भूखंडों में परिवर्तित कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि चांद नगर परिषद एवं आसपास के क्षेत्रों में बीते कुछ वर्षों के दौरान कई नई कॉलोनियां विकसित हुई हैं, लेकिन इनमें से कई परियोजनाओं के पास आवश्यक अनुमतियां, डायवर्सन, लेआउट स्वीकृति और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित दस्तावेजों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। यही कारण है कि अब इन निर्माण गतिविधियों को लेकर जनप्रतिनिधियों और नागरिक संगठनों के बीच भी चर्चा तेज हो गई है।



### अवैध प्लॉटिंग के जरिए करोड़ों का कारोबार, राधाकिशन कॉलोनी चर्चा में

इस समय क्षेत्र की राधाकिशन कॉलोनी की चर्चा का बाजार गर्म है। सूत्र बताते है कि इस कॉलोनी की सही तरीके से जांच की गई तो एक ही कॉलोनी से पूरे क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों की क्या स्थिति इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। या तो प्रशासनिक अधिकारी देखकर अंजान बने है या फिर आर्थिक लेन देन कर चुप बैठे है। यह सब तो जांच का विषय है परंतु क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग से आम आदमी पस्त और भूमाफिया मस्त नजर आ रहे है। क्षेत्र में सक्रिय भू-माफियाओं पर आरोप है कि वे कृषि भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित कर बेच रहे हैं। कई स्थानों पर सड़कों, नालियों और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण भी किया गया है, जबकि संबंधित विभागों से वैधानिक स्वीकृति प्राप्त होने को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कुछ कॉलोनियों में दर्जनों भूखंडों की बिक्री हो चुकी है। भूमि खरीदारों को आकर्षक दाम और भविष्य में क्षेत्र के तेजी से विकसित होने का हवाला देकर निवेश के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हालांकि बाद में वैधानिक दस्तावेजों की कमी सामने आने पर खरीदारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जानकारों का मानना है कि बिना अनुमति विकसित कॉलोनियों में निवेश करने वाले नागरिकों के लिए भविष्य में नामांतरण, भवन अनुज्ञा और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### नियमों को दरकिनार कर बढ़ रहे निर्माण कार्य

चांद नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कुछ कॉलोनियों में बड़े पैमाने पर निर्माण गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। सड़क निर्माण, प्लॉटों का सीमांकन, मिट्टी भराव और अन्य विकास कार्य लगातार जारी हैं। आरोप है कि कई स्थानों पर नियमानुसार प्रक्रिया पूरी किए बिना ही विकास कार्य शुरू कर दिए गए।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते संबंधित विभागों ने जांच नहीं की तो आने वाले वर्षों में अव्यवस्थित शहरीकरण की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। ऐसे क्षेत्रों में जल निकासी, पेयजल, सड़क और विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी भविष्य में संकट खड़ा हो सकता है।

### प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग



चांद क्षेत्र के नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अवैध कॉलोनियों, भूमि कारोबार, खनिज उत्खनन और भंडारण से जुड़े मामलों की संयुक्त जांच कराई जानी चाहिए। यदि कहीं नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों और अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।विशेषज्ञों का मानना है कि तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में पारदर्शी भूमि प्रबंधन और खनन नियंत्रण व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

### जवाबदेही और पारदर्शिता की जरूरत

चांद क्षेत्र में उठ रहे इन सवालों ने प्रशासनिक निगरानी, राजस्व प्रबंधन और शहरी विकास की प्रकिया पर नई बहस छेड़ दी है। एक ओर नागरिक वैधानिक विकास और पर्यावरण संरक्षण की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अवैध गतिविधियों के आरोपों की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है।अब सभी की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर ठोस कदम उठाए जाते हैं तो न केवल अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा बल्कि आम नागरिकों का शासन-प्रशासन पर विश्वास भी मजबूत होगा।

### शिकायतों के बावजूद कार्रवाई की गति धीमी

क्षेत्र के कई नागरिकों का दावा है कि अवैध प्लॉटिंग और भूमि कारोबार की शिकायतें समय-समय पर प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाई गई हैं। इसके बावजूद व्यापक स्तर पर कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। लोगों का आरोप है कि जांच प्रक्रिया धीमी होने से अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि किसी भी अवैध कॉलोनी के विरुद्ध कार्रवाई करने से पहले राजस्व, नगर परिषद और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से संबंधित अभिलेखों की जांच आवश्यक होती है। हालांकि नागरिकों का मानना है कि यदि अनियमितताएं स्पष्ट हैं तो कार्रवाई में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

### रेत और मुरम के अवैध खनन का भी मुद्दा गर्म

भूमि कारोबार के साथ-साथ चांद क्षेत्र में रेत और मुरम के अवैध उत्खनन की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ स्थानों पर रात के समय भारी वाहनों के माध्यम से खनिजों का परिवहन किया जाता है। इससे न केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है बल्कि पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।नदी-नालों और खनिज क्षेत्रों से जुड़े इलाकों में रहने वाले लोगों का कहना है कि अवैध उत्खनन के कारण प्राकृतिक संरचना प्रभावित हो रही है। कई जगहों पर गहरे गड्ढे बन जाने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन गतिविधियों की निगरानी के लिए बनाई गई व्यवस्थाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही हैं।

### हजारों डंपर सामग्री के अवैध भंडारण की चर्चा

क्षेत्र के कुछ गांवों में बड़ी मात्रा में रेत और मुरम के भंडारण की भी चर्चाएं हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभिन्न स्थानों पर अस्थायी डंपिंग यार्ड बनाकर खनिज सामग्री एकत्र की जा रही है। इसके बाद आवश्यकता अनुसार वाहनों के माध्यम से सामग्री अन्य स्थानों तक पहुंचाई जाती है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन भंडारण स्थलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो अवैध खनन और परिवहन से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। उनका दावा है कि कई स्थानों पर लंबे समय से सामग्री जमा है, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

## पोद्दार स्कूल के पीछे जुए के अड्डे पर पुलिस की कार्रवाई, 12 आरोपी गिरफ्तार

### कोतवाली पुलिस की कार्यवाही के बाद जुआरियों में हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

शहर में अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पोद्दार स्कूल के पीछे नाले के पास संचालित एक जुआ अड्डे पर छापा मारकर 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा और मौके से नकदी, ताश के पत्ते, जुआ खेलने में उपयोग की जा रही सामग्री तथा दो लग्जरी चारपहिया वाहन जब्त किए हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी आशीष धुर्वे के अनुसार पुलिस को क्षेत्र में जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 35 हजार 800 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, जुआ खेलने में इस्तेमाल किए जा रहे कपड़े तथा मौके पर खड़ी एक हुंडई एलांट्रा और एक महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन जब्त किए। जब्त वाहनों की कीमत भी लाखों रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित यादव, योगेश प्रजापति, रामशंकर लिखितकर, विरेन्द्र लोखंडे, नीरज कराडे, प्रणव पाटनकर, निशांत अल्डक, पुनीत ठाकरे, विशाल यादव, गगन लोखंडे सहित लीलाधर और वेदांत शामिल हैं। अधिकांश आरोपी शहर के चंदनगांव, एकता कॉलोनी, इमलीखेड़ा और आसपास के क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को कोतवाली पुलिस की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से क्षेत्र में जुआ गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से न केवल जुआ संचालकों और खिलाड़ियों में हड़कंप मचा है, बल्कि क्षेत्र के लोगों ने भी राहत महसूस की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास इस तरह की गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती हैं। ऐसे में पुलिस द्वारा समय रहते की गई कार्रवाई से अपराध नियंत्रण के प्रति सकारात्मक संदेश गया है।

कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई की शहर में व्यापक चर्चा है। सीमित संसाधनों के बावजूद पुलिस द्वारा लगातार अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी अवैध जुआ, सट्टा और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से आमजन के बीच पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है तथा शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# पुत्र को बचाने के चक्कर में माता-पिता भी बन गए आरोपी

### युवती की शिकायत पर भाजपा पार्षद सहित गंभीर धाराओं में पिता पुत्र पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

पुत्र संस्कार वर्मा को बचाने के चक्कर में उसके माता - पिता भी एक संगीन मामले में आरोपी बन गए । एक युवती की शिकायत पर चांदामेटा पुलिस ने नगर परिषद चांदामेटा में भाजपा से महिला पार्षद उनके पति और दोनों के पुत्र संस्कार वर्मा इन तीनों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 69, 351 (3), 3 (5), एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1) (w) (II), 3(2) (v), 3(2) (va) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है ।

पुलिस को दिए कथन में पीड़िता ने बताया , कि वह संस्कार वर्मा को बीते लगभग एक वर्ष से जानती है । उसेसंस्कार वर्मा ने प्रेम प्रस्ताव दिया था और शादी करने की बात कही थी । इसके बाद शादी की बात कहकर कई बार संस्कार ने युवती (पीड़िता) के साथ शारीरिक संबंध बनाए । इस दौरान जब युवती भोपाल में थी , तो 11 सितंबर 2025 को और 12 सितंबर 2025 को संस्कार युवती को लेकर एक होटल पहुंचा और वहां भी दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने । पीड़ित युवती के अनुसार माह नवंबर में भी उक्त होटल में ही शादी की बात कहकर संस्कार ने उसके साथ संबंध बनाए । जिसके बाद वह गर्भवती हो गई थी। बस यहीं से बात बिगड़ गई । पीड़ति युवती ने जब संस्कार को गर्भवती होने की बात बताई तो संस्कार ने उसे डरा धमकाकर गोली खिलाई और उसका गर्भपात करवा दिया । इसके बाद संस्कार उससे दूर - दूर रहने लगा । पीड़ति युवती के अनुसार वह जब भी संस्कार से शादी की बात करती तो उसे डराया जाता और जातिगत गालियां दी जाती ।

### पीड़िता को भोपाल से बुलवाया

पीड़िता युवती ने पुलिस को बताया , कि संस्कार की माता और पिता ने उसे भोपाल से परासिया बुलवाया और संस्कार से उसकी शादी करवाने की बात कही ।जब पीड़ति भोपाल से आई तो खिरसाडोह रेलवे स्टेशन पर संस्कार ही उसे कार से लेने पहुंचा । वहां भी कार में संस्कार ने पीडिता के साथ जबरदस्ती संबंध बनाए । यह बात पीड़ति ने संस्कार के माता - पिता को बताई तो दोनों का कहना था , कि अब शादी होने वाली है तो कोई बात नहीं । संस्कार के माता पिता ने पीड़ति के समक्ष शर्त रखी , कि अधिवक्ता मुकेश मौर्य के विरुद्ध झूठी शिकायत करो तभी शादी हो पाएगी । इस पर पीड़ति ने झूठी शिकायत कर दी ।

### एक मामला पहले दर्ज

आरोपी संस्कार वर्मा के खिलाफ अधिवक्ता मुकेश मौर्य की शिकायत पर परासिया थाने में पहले ही एक मामला दर्ज हो चुका है । अधिवक्ता ने संस्कार द्वारा गाली - गलौच करने और मरवाने की धमकी दिए जाने की शिकायत की थी ।

### सांसद ने एक मरीजों को दिलाई 65 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिन्दवाड़ा जिले के एक मरीज को 65 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। उक्त राषि मिलने से मरीज का छिंदवाड़ा के अस्पताल में बेहतर इलाज हो सकेगा। सांसद श्री साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को लगभग प्रतिदिन लाखों रूपयों की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू भी सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। इसी सिलसिले में विगत दिनों मरीज के परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी।

## नगर पालिका कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक ने सौंपा ज्ञापन



**परासिया :-** परासिया नगर पालिका के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है । ज्ञापन में कर्मचारियों के वेतन से कट रही ईपीएफ , एनपीएस और जीपीएफ राशि खातों में जमा नहीं होने , सेवानिवृत्त एवं मृत कर्मचारियों के परिजनों को उपादान राशि का भुगतान नहीं होने तथा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विशेष भत्ता बंद किए जाने का मुद्दा उठाया गया है । पूर्व विधायक ने इन सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई की मांग की है । पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग की । ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जून 2024 से कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ , एनपीएस और जीपीएफ की राशि काटी जा रही है , लेकिन संबंधित खातों में जमा नहीं हो रही है । इसके अलावा विनियमित दैनिक वेतनभोगी एवं स्थायी कर्मचारियों को उपादान राशि का लाभ भी नहीं मिल रहा है । वहीं 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विशेष भत्ता भी पिछले डेढ़ वर्ष से बंद है । बावरिया ने इन सभी मामलों में शीघ्र कार्रवाई कर कर्मचारियों को राहत देने की मांग की है ।

# सीमांकन विवाद में किसान ने दबंगई और मारपीट के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा




ग्राम खदवेली निवासी संजय मालवीय ने पड़ोसी खेत मालिकों पर जमीन विवाद को लेकर फेंसिंग तोड़ने, सागौन के पेड़ उखाड़ने, मारपीट करने और धमकाने के आरोप लगाए हैं। मामले की शिकायत उन्होंने थाना बिछुआ सहित जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और उपमहानिरीक्षक को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

संजय मालवीय के अनुसार उन्होंने और उनकी बहन सुनंदा विश्वकर्मा ने वर्ष 2015 में लगभग 12 एकड़ भूमि खरीदी थी, जिसका कई बार राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में सीमांकन कराया जा चुका है। आरोप है कि हाल ही में पड़ोसी भूमि खरीदने वाले आर्यन नागरे एवं उनके परिजनों ने खेत की फेंसिंग तोड़ दी तथा लोहे की एंगल भी अपने साथ ले गए। इसके अलावा जेसीबी से सागौन के पेड़ उखाड़ने और भूमि में खुदाई करने की शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

मालवीय का आरोप है कि 27 मई को हुए सीमांकन के दौरान गलत नापजोख का विरोध करने पर जगदीश नागरे, आर्यन नागरे सहित अन्य लोगों ने उनके साथ अभद्रता और मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद राजस्व अमला पूरी घटना देखता रहा, लेकिन किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया।

### नियमितीकरण सहित लंबित मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में मंगलवार को सेवा आधारित मूल्यांकन (सर्विस बेस्ड असेसमेंट/एप्रेजल) संबंधी पत्रों की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कर्मचारियों ने शासन के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से उनकी न्यायोचित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध जिला छिंदवाड़ा इकाई के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों एवं विकासखंडों से बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर संविदा कर्मचारियों के हित में घोषणाएं तो की जाती हैं, लेकिन उनका वास्तविक लाभ आज तक कर्मचारियों को नहीं मिल पाया है। संघ के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार साहू ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी लंबे समय से नियमितीकरण, सामाजिक सुरक्षा, वेतन विसंगति दूर करने और अन्य सेवा सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय सेवा आधारित मूल्यांकन जैसी प्रक्रियाएं लागू करना कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित करने वाला कदम है। उन्होंने इसे कर्मचारियों के साथ अन्याय बताते हुए शासन से तत्काल सकारात्मक पहल करने की मांग की।

संघ द्वारा शासन के समक्ष रखी गई प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री द्वारा 30 जनवरी 2026 को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में की गई घोषणा के अनुरूप सभी संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, सामान्य प्रशासन विभाग की नीति के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ आदि मांगे शामिल है।

### छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में 11 सड़कों के लिए दिलाई 30 करोड़ 17 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विकास को लेकर कृतसंकल्पित संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों के बाद छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में ग्यारह सड़कों के लिए 30 करोड़ 17 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। विगत दिनों भोपाल में हुई लोक निर्माण विभाग की स्थाई वित्तीय समिति की 299वीं बैठक में ग्यारह सड़कों के लिए 30 करोड़ 17 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। अब जल्द ही विभागीय प्रक्रिया पूरी होते ही दोनों जिलों में ग्यारह सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों भोपाल प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से मुलाकात करते हुए छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य को बजट में शामिल करने का निवेदन किया था।

गांव से पहली बार सेना में हुआ चयन, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ ग्रामीणों ने किया सम्मान

# राजनगांव के संजू टेकाम का अग्निवीर में चयन, गांव लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



सिंगोड़ी। सिंगोड़ी क्षेत्र के समीप स्थित ग्राम पंचायत रजोला के राजनगांव में उस समय उत्साह और गौरव का माहौल बन गया, जब गांव के युवा संजू टेकाम भारतीय सेना की बिहार रेजीमेंट में अग्निवीर के रूप में चयनित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद मंगलवार सुबह अपने गांव पहुंचे। बताया जा रहा है कि राजनगांव से पहली बार किसी युवक का सेना में चयन हुआ है, जिससे पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

संजू टेकाम के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। सिंगोड़ी स्थित पेंच नदी से गांव तक ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और जयघोष के साथ उनका स्वागत जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर जवान का सम्मान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के गीतों और नारों से वातावरण गूंजता रहा।संजू टेकाम के पिता सियामी टेकाम और माता शांति बाई टेकाम ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके गांव में पहली बार कोई युवक सेना में भर्ती हुआ है। यह उनके परिवार और पूरे गांव के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि बेटे को सेना की वर्दी में देखकर उनकी वर्षों की मेहनत सफल हो गई है। अब उनका बेटा देश की सेवा और रक्षा का महत्वपूर्ण दायित्व निभाएगा।

ग्रामीणों ने भी संजू की उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। उनका कहना है कि संजू की सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं में भी सेना और अन्य प्रतियोगी सेवाओं में जाने का उत्साह बढ़ेगा। इस अवसर पर दीपक, कन्हैया, सोहन, राजा, अनीस, परमानंद, राजकुमार टेकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे गांव में इस उपलब्धि को लेकर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

## उज्ज्वल जैन ने जेईई मेंस में 99.62 पर्सेंटाइल हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

सिंगोड़ी। सिंगोड़ी के होनहार छात्र उज्ज्वल जैन ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस 2026 में 99.62 पर्सेंटाइल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही उन्होंने जेईई एडवांस 2026 में 5897वीं रैंक हासिल कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है।उज्ज्वल, आनंद जैन के पुत्र हैं। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि उज्ज्वल की मेहनत, अनुशासन और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में भी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उत्साह बढ़ेगा।उज्ज्वल की सफलता पर मनीष जैन, आशीष जैन, मुकुल जैन, अभिलाष जैन, अकलंक जैन, यश जैन, प्रदीप जैन, सतीश जैन सहित ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



## नशाखोरी के लिए सरकार और नेता जिम्मेदार : एस.आर.शेंडे

सौंसर। सिविल राइट्स प्रोटेक्शन सेल मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष एवं विभिन्न संगठनों से जुडे एस.आर.शेंडे ने बताया कि,भारत की धरती पर अनेक महापुरुषों,ऋषिमुनियों ने जन्म लिया है। जर्रे जर्रे में धर्म की पावन धारा बहती है। परंतु मात्र राजस्व की खातिर अदूरदर्शी निजाम ( सिस्टम ) ने पुरे भारत की गली - गली में मदिरालय खोलकर अमन परस्त अवाम को बर्बादी की कगार पर लाकर छोड दिया है।शराब,गांजा,तम्बाकू,गुटका, जैसे मादक पदार्थो की निर्मिति के साथ उसे बेंचने के अन्धाधुन्ध लाइसेंस देकर सभ्य लोगों का जीवन तहस नहस कर दिया है। कभी कभी पूरे देश में मादक पदार्थो की अवैध सप्लाई का नेटवर्क उजागर होता है। उन्होंने आगे बताया कि,शराब दुकानों नशाखोरों के हुड़दंग से बहुबेटियों का घरों से निकलना मुश्किल हुआ है। सड़कदुर्घटनाएं,हत्यायें,अकाल मृत्यु,अपराध,घर घर में विवाद आम बात हुई है। इसमें सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी पीस रहे है। खासकर युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। घर चलाने वाली महिला जानती है कि,उसे किन किन दुविधाओं का सामना करना पडता है।नियमानुसार शराब ,मादक पदार्थों की दुकानें स्कूल,मंदिर,सार्वजनिक स्थल,सडकों के किनारे वर्जित है। ग्राम पंचायत की अनुमति जरूरी है, पर उसे कोई नहीं मानता। लगभग पूरे सिस्टम पर सफेदपोश,नुमाइंदों का कब्जा है । अधिकारी तमाशा देखते है। आम जनता कर्ज,भ्रष्टाचार,बेरोजगारी, टैक्स ,कुव्यवस्था से बेजार है। मध्यप्रदेश के साथ पूरे भारत में शराबबंदी लगानी चाहिए और आम जनता ने पुरजोर मांग करनी चाहिए। नशे के आदि लोगों,युवाओं ने खुद व परिवार की सलामती के लिए नशा करना छोड देना चाहिए।

## पीपला शराब दुकान हटाने आज होगा चक्का जाम आंदोलन

सौंसर। पीपला ना वार में शराब दुकान हटाने को लेकर पिछले 5 दिनों से कांग्रेस और ग्रामीणों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा है।शराब दुकान हटाने आंदोलन को रफ्तार देते हुए अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी नुक्कड़ सहायक कर जनता को जागृत करने का काम आंदोलनकारियो के द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को विधायक विजय चौरे,वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवतराव महाजन, चिंदबा सरोदे,विट्ठलराव गायकवाड़,ने ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाये कर चक्काजाम आंदोलन में शामिल होने की अपील की, नगर कांग्रेस कमेटी पीपला नारायणवार अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने बताया कि पिपला शराब दुकान को लेकर विगत कई वर्षो से आवेदन और ज्ञापन दिए जा रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन के द्वारा शराब दुकान को नहीं हटाया जा रहा है। यह मुद्दा किसी भी व्यक्ति विशेष का नहीं है बल्कि पीपला नारायणवार क्षेत्र के हजारों युवाओं एवं ग्रामीणों के भविष्य का विषय है। बुधवार को शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर पांदुरना सौसर मार्ग पर चक्काजाम आंदोलन पिपला बस स्टैंड पर दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार इस चक्काजाम आंदोलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प गंगाप्रसाद तिवारी, विधायक विजय चौरे,सुनील उइके,निलेश उइके, एवं बड़ी संख्या में सौसर क्षेत्र के कांग्रेस नेता उपस्थित रहेंगे।

## पट्टे के लिए 300 से अधिक परिवार दर-दर भटकने को मजबूर, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी अटका



सौंसर। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुँचाने के दावों के बीच मोहगांव के 300 से अधिक गरीब परिवार पिछले 3 वर्षों से पट्टों (आवासीय भूखंड के अधिकार) के लिए प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। पार्षद नितिन ढोबले के द्वारा मंगलवार को प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने की मांग की है।पट्टा न मिलने के कारण ये परिवार न केवल बेघर होने की चिंता में हैं, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने से भी वंचित हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने लगभग तीन वर्ष पूर्व ही आबादी क्षेत्र में पट्टा प्राप्त करने के लिए प्रशासन को विधिवत आवेदन दिए थे। सैकड़ों की संख्या में आवेदन दिए जाने के बावजूद आज तक अधिकांश मामलों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पार्षद नितिन ढोबले ने बताया कि पट्टे न मिलने की वजह से ये परिवार न तो पक्के मकान बना पा रहे हैं और न ही सरकारी आवास योजना के तहत मिलने वाली राशि के लिए पात्रता सिद्ध कर पा रहे हैं।ग्रामीणो ने एसडीएम को ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को याद दिलाया गया कि गरीब परिवारों के सपनों का घर पट्टों के अभाव में अधूरा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने स्पष्ट मांग की है कि लंबित पट्टा प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए,पात्र हितग्राहियों को पट्टे प्रदान किए जाएं,पट्टा मिलने के बाद उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शीघ्र दिलाया जाए।

## मिडास के 19 विद्यार्थियों ने IIT एडवांस में किया क्वालिफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणामों की नई मिसाल कायम करते हुए मिडास कोचिंग संस्था ने एक बार फिर शानदार सफलता प्राप्त की है। IIT Advanced 2026 के घोषित परिणामों में संस्था के 19 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर न केवल मिडास बल्कि पूरे सौंसर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।संस्था के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया कि सफलता केवल बड़े शहरों की मोहताज नहीं होती, बल्कि सही मार्गदर्शन, निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर छोटे शहरों से भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है।सफल विद्यार्थियों में हर्ष हिंग्वे ने ऑल इंडिया रैंक (AIR) 11694 एवं कैटेगरी रैंक 2892, रुद्राक्ष चौहान ने AIR 14754 एवं कैटेगरी रैंक 3816, दिवांशु अढ़ाऊ ने AIR 15207 एवं कैटेगरी रैंक 3959, पीयूष सातपुते ने AIR 20675 एवं कैटेगरी रैंक 5628, अमोघ कुरादे ने AIR 27571 एवं कैटेगरी रैंक 7869 तथा कार्तिक अय्यर ने AIR 29496 एवं कैटेगरी रैंक 4452 प्राप्त की।इसके अलावा वंश सोते ने कैटेगरी रैंक 9373, विशेष खड़े ने रैंक 4982, भूमिका चिकाने ने रैंक 10768, ओम पांडे ने रैंक 5811, श्रेष्ठ माहेश्वरी ने रैंक 6090, सलोनी वाहने ने रैंक 2849, सम्यक बागड़े ने रैंक 4058, आर्यन जंबोलकर ने रैंक 4588, निधि पगारे ने रैंक 5483, ऐश्वर्या वाहने ने रैंक 5471, यश ठवरे ने रैंक 6202, रजत पहाड़े ने प्रेप कैटेगरी रैंक 1725 तथा साक्षी मड़के ने प्रेप कैटेगरी रैंक 6520 प्राप्त कर संस्था एवं सौंसर का गौरव बढ़ाया।लगातार शानदार परिणामों की परंपरा को कायम रखते हुए मिडास ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि उत्कृष्टता कोई संयोग नहीं, बल्कि उसकी पहचान है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल बना दिया है। संस्था के संचालक ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मिडास आने वाले वर्षों में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

## सीसी रोड के लोकार्पण से ग्रामीणों के खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम कोपरावाड़ी कलां में लंबे समय से चली आ रही ग्रामीणों की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। यहाँ नवनिर्मित सीसी रोड का लोकार्पण पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस नई सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की बड़ी सौगात मिली है। ग्रामीणों के लिए यह सड़क महज ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि वर्षों की परेशानी का अंत है। अब तक बरसात के दिनों में यहाँ कीचड़ और जलभराव के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता था। सड़क के पक्का हो जाने से अब ग्रामीणों को साल भर सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संदीप मोहोड ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के प्रति संकल्पित है। उन्होंने कहा, *₹सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं ही किसी क्षेत्र के विकास की आधारशिला हैं। बेहतर सड़कों से न केवल आवागमन आसान होता है, बल्कि इसका सीधा सकारात्मक प्रभाव शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों पर भी पड़ता है।उन्होंने दोहराया कि भाजपा सरकार का मुख्य ध्येय विकास की मुख्यधारा को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष, जनपद पंचायत सौसरसंजय भुते,जप उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे सदानंद डोंगरे,जिला अध्यक्ष, अजा मोर्चा खेमराज सोनेकर,नामदेव पाल,इंद्रायणी वाडोदे,उपसरपंच रोशन कांबले सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह के अंत में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## जुन्नारदेव में सैलून एसोसिएशन का गठन, मधु बंदेवार चुने गए अध्यक्ष, सर्वसम्मति से तय हुए नए रेट

जुन्नारदेव। स्थानीय राम मंदिर परिसर में आज सैलून एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, साथ ही नगर में सैलून सेवाओं की दरों (रेट) को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया।बैठक में उपस्थित सभी सैलून संचालकों ने आपसी सहमति से दुकानों पर दी जाने वाली सेवाओं के रेट तय किए, जिस पर सभी सदस्यों ने एकमत होकर अपनी स्वीकृति दी। इसके बाद संगठन को मजबूती देने के लिए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।नवनियुक्त कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है अध्यक्ष मधु बंदेवार,उपाध्यक्ष राहुल ससानकर, देव बंदेवार,सचिव संजय बंदेवार,कोषाध्यक्ष पंकज रामप्रसाद बंदेवार,महामंत्री पंकज बंदेवार,उप सचिव अनिल बंदेवार,प्रचार मंत्री पंकज चोखेलाल बंदेवार विशेष सहयोगी एवं सदस्य:बैठक में संगठन को गति देने के लिए नितेश बंदेवार, दौलत बंदेवार, दुर्गेश बंदेवार, चंचलेश बंदेवार, मुकेश बंदेवार, दीपक बंदेवार, राजेश बंदेवार, गुड्डू बंदेवार, रामप्रसाद बंदेवार और दिलीप बंदेवार सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में सैलून व्यवसायी उपस्थित रहे।

वन विभाग की कार्रवाई में दो आरोपी पकड़े गए, एक घायल

## कछार के जंगल से सागौन चोरी हुई नाकाम

हरिभूमि न्यूज कटंगी। वन परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले एकमात्र वनग्राम कछार के जंगल में सोमवार की देर रात वन विभाग ने सागौन चोरी की बड़ी वारदात को विफल कर दिया। सिवनी जिले के लकड़ी चोरों की सक्रियता की सूचना पहले से ही विभाग को मिल चुकी थी। इसी आधार पर वन अमला ने जंगल में जाल बिछाकर निगरानी शुरू की। देर रात जब आरोपी सागौन की सिल्ली लेकर जंगल से बाहर निकलने लगे, तभी विभाग ने उनका पीछा किया। भागते समय विजय पिता सेवकराम (52 वर्ष, निवासी दौदीवाड़ा थाना अरी) गिरकर घायल हो गया। उसे कटंगी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं खुमानसिंह पिता हरीचंद पटले (48 वर्ष, निवासी दौदीवाड़ा थाना अरी) को भी पकड़ लिया गया। सूत्रों की माने तो अन्य दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। वन विभाग ने पकड़े गए आरोपियों से अन्य आरोपियों के बारे पूछताछ की, लेकिन उन्होंने चोरी के नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। आरोपियों के पास एक से एक नग सागौन की सिल्ली भी बरामद की गई है।

वन विभाग ने बताया कि जंगल से सागौन सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ी चोरी रोकने के लिए लगातार गश्त की जा रही है। इसके साथ ही मुखबिर तंत्र को भी मजबूत किया गया है ताकि समय रहते सूचना मिल सके और कार्रवाई की जा सके। दरअसल, सागौन की लकड़ी अपनी मजबूती और सुंदरता के कारण बेहद कीमती मानी जाती है। इसका उपयोग फर्नीचर और निर्माण कार्यों में होता है। यही कारण है कि जंगलों में सागौन चोरी की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं। कटंगी क्षेत्र के जंगलों में सागौन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यही वजह है कि लकड़ी माफिया इस



इलाके को निशाना बनाते हैं। विभाग के अनुसार, चोरी रोकने के लिए गश्ती दल रात-दिन सक्रिय रहते हैं, लेकिन जंगल का विशाल क्षेत्र और सीमित संसाधन चुनौती बने हुए हैं। वनग्राम कछार के ग्रामीणों ने भी कई बार विभाग को सूचना दी है कि बाहरी लोग जंगल में घुसकर पेड़ों को काटते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग और स्थानीय लोग मिलकर निगरानी करें तो चोरी पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है।

### कुगांव में कृषक दीदियों को डीएसआर तकनीक एवं खरीफ फसलों के उन्नत बीजों की दी गई जानकारी

बालाघाट। बालाघाट जिले में कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उन्नत फसल उत्पादन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 2 जून 2026 को बैहर विकासखंड के ग्राम कुगांव में कृषक दीदियों के लिए जागरूकता एवं तकनीकी मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषक दीदियों को डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) पद्धति से धान की बुवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर तकनीक से धान की खेती में पानी की बचत होती है, श्रम लागत कम आती है तथा समय पर बुवाई कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। वर्तमान जलवायु परिस्थितियों में यह तकनीक किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है।

कालीमाटी में सबमर्सिबल मोटर को लेकर विवाद गहराया, महिला ने एसडीएम न्यायालय की शरण ली

## सार्वजनिक हैंडपंप पर 'कब्जे' का आरोप, पानी के लिए तरसे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट से जूझ रहे लांजी जनपद के के ग्राम कालीमाटी में सार्वजनिक हैंडपंप को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। गांव की निवासी कुसमी बाई पति घनश्याम डोंगरे ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों ने सार्वजनिक हैंडपंप में अवैध रूप से सबमर्सिबल मोटर डालकर पानी पर एक तरह से कब्जा जमा लिया है। इससे वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 के अनेक परिवारों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

शिकायत में कुसमी बाई ने कौशल बाई पति राधेश्याम डोंगरे, पुष्पा बाई पति पुनाराम डोंगरे, सोनू बाई पति मिथलेश डोंगरे, शीला बाई पति सालिक जामुरे, पूनम पति अशोक डोंगरे, ननिया बाई पति निर्भयदास तथा सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीचंद घोरमारे को अनावेदक बनाया है। शिकायत के अनुसार वार्ड में स्थित सार्वजनिक हैंडपंप वर्षों से ग्रामीणों की प्यास बुझाने का प्रमुख साधन रहा है, लेकिन अब उसमें सबमर्सिबल मोटर लगाए जाने से पानी का अत्यधिक दोहन हो रहा है। कुसमी बाई का आरोप है कि सोनू बाई के पति मिथलेश डोंगरे ने लोगों को गुमराह कर हैंडपंप के भीतर मोटर स्थापित करवाई, जिससे जलस्त्रोत पर दबाव बढ़ गया और अन्य लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

शिकायत में केवल पानी की समस्या ही नहीं बल्कि सामाजिक भेदभाव और धमकियों का भी उल्लेख किया गया है। कुसमी बाई का कहना है कि जब उन्होंने मोटर के माध्यम से पानी भरने का प्रयास किया तो उन्हें रोक दिया गया। आरोप है कि विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज की गई तथा मारपीट की धमकी भी दी गई। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक हैंडपंप होने के बावजूद उन्हें और उनके परिवार को पानी लेने से रोका जा रहा है, जिससे पूरे मामले ने सामाजिक तनाव का रूप ले लिया है।

कुसमी बाई ने बताया कि इस संबंध में 15 अप्रैल 2026 को भी एसडीएम लांजी को शिकायत दी गई थी, लेकिन कथित रूप से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 26 मई 2026 को उन्होंने पुनः न्यायालय में आवेदन देकर सार्वजनिक हैंडपंप में लगे कथित अवैध सबमर्सिबल मोटर को तत्काल निकलवाकर जब्त करने तथा संबंधित लोगों के विरुद्ध दंडात्मक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने न्यायालय से आग्रह किया है कि सार्वजनिक जलस्त्रोत का उपयोग सभी ग्रामीणों के लिए समान रूप से सुनिश्चित कराया जाए, ताकि भीषण गर्मी के बीच किसी भी परिवार को पेयजल के लिए भटकना न पड़े।

## बासी में दो बाइक की भिड़ंत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बासी में मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे नहर के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। दो मोटरसाइकिलों के आमने-सामने टकराने से तीन लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुरई क्षेत्र के ग्राम विजयपानी निवासी सतीश धुर्वे अपने ससुराल खमरिया से घर लौट रहे थे। उसी समय ग्राम बासी निवासी सूर्य प्रकाश अपने गांव के रजक (धोबी) लकेश भंडुरिया को उसके घर छोड़ने जा रहे थे। नहर के पास दोनों बाइक आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में सतीश और सूर्य प्रकाश को गंभीर चोटें आईं, जबकि लकेश भी घायल हुआ। सतीश धुर्वे की हालत को नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। चिकित्सक के अनुसार सूर्य प्रकाश और लकेश ने शराब का सेवन कर रखा था। शराब पीकर वाहन चलाना इस दुर्घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही संजीवनी 112 मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद डायल 112 पुलिस भी घटनास्थल और अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

माहुरखोदरा बीट के सुरक्षा श्रमिक को हजारों का नुकसान, मरम्मत कार्य पर उठे सवाल

## जंगल की आग बुझाने निकला श्रमिक, लापरवाही की चिंगारी ने फूंक दी बाइक

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी क्षेत्र में जंगलों को आग से सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी निभाने वाले एक सुरक्षा श्रमिक की मोटरसाइकिल में अचानक आग लगने का मामला सामने आया है। घटना ने वाहन मरम्मत कार्य की गुणवत्ता और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आग लगने से मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और श्रमिक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार माहुरखोदरा बीट में कार्यरत सुरक्षा श्रमिक चैतूराम सैय्याम अपनी मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर लौट रहे थे। इसी दौरान नन्दोरा क्षेत्र में उनकी बाइक खराब हो गई। उन्होंने वाहन को स्थानीय मैकेनिक के पास सुधारने के लिए दिया। आरोप है कि मरम्मत के दौरान वाहन की वायरिंग और तकनीकी खामियों को ठीक से नहीं देखा गया, जिसके कारण बाइक में समस्या बनी रही।

बताया जाता है कि बाइक बनवाने के बाद जब चैतूराम सैय्याम माहुरखोदरा की ओर रवाना हुए, तब धारमारा चौकी के पास अचानक वाहन में शॉर्ट सर्किट हो गया। कुछ ही क्षणों में बाइक से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। श्रमिक ने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन बाइक को नहीं बचाया जा सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वाहन की मरम्मत जिम्मेदारी और तकनीकी सावधानी के साथ की गई होती तो यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में वाहन मरम्मत की गुणवत्ता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। विडंबना यह है कि जो श्रमिक जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने और उन पर निगरानी रखने के लिए जा रहा था, उसी की मोटरसाइकिल रास्ते में आग का शिकार हो गई। पीड़ित श्रमिक ने मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई और हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है।

आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश अवधि हेतु रेडी टू ईट खाद्य सामग्री का वितरण

## आंगनबाड़ी के बच्चों एवं हितग्राहियों को मिलेगा पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना कटंगी अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में 1 जून से 15 जून तक बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। अवकाश अवधि के दौरान बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों को पोषण आहार से वंचित न रहना पड़े, इसके लिए विभाग द्वारा रेडी टू ईट (आरटीई) खाद्य सामग्री के वितरण की व्यवस्था की गई है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र रानाडे ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप परियोजना क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा अन्य पात्र हितग्राहियों को अवकाश अवधि के लिए निर्धारित मात्रा में रेडी टू ईट खाद्य सामग्री का वितरण किया गया है। इससे हितग्राहियों को अवकाश के दौरान भी नियमित रूप से पोषण आहार उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा हितग्राहियों को खाद्य सामग्री वितरण के साथ-साथ संतुलित आहार, स्वच्छता तथा बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जा रही है। विभाग का उद्देश्य है कि अवकाश के दौरान भी बच्चों के पोषण स्तर में किसी प्रकार की कमी न आने पाए और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं निरंतर जारी रहें।

परियोजना अधिकारी श्री रानाडे ने सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे प्राप्त रेडी टू ईट खाद्य सामग्री का नियमित उपयोग करें तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान दें। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वितरण कार्य की सतत निगरानी भी की जा रही है ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर पोषण आहार उपलब्ध हो सके। विभाग के इस प्रयास से अवकाश अवधि में भी बच्चों एवं महिलाओं को पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी तथा कुपोषण नियंत्रण की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

## खबर संक्षेप

### आज प्रतिभा सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें भविष्य के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से कौशल विकास समिति द्वारा प्रतिभा का उत्सव, भविष्य की तैयारी थीम पर प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 3 जून को दोपहर 2 बजे शासकीय पी.जी. कॉलेज (प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज), सिवनी में किया जाएगा। समिति की ओर से जानकारी देते हुए अजय (बाबा) पांडे एवं सतीश बिल्लौरे ने बताया कि यह आयोजन 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान हेतु आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का सम्मान करना नहीं, बल्कि उन्हें करियर, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, स्कॉलरशिप एवं भविष्य की संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना भी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश राय (मुनमुन) उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एस कुमरे व डॉ अर एस नाग प्राचार्य पीजी कॉलेज सहित शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्यजन, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से संवाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। समिति ने सभी ऐसे विद्यार्थियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आनलाइन माध्यम से सुनीं आमजन की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मंगलवार, दिनांक 02/06/2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में आनलाइन माध्यम से जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज प्रातः 11 बजे से विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा भोपाल प्रवास के चलते अपने कार्यालय मे उपस्थित नागरिकों से तकनीकी माध्यम से संवाद किया। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक दिनेश मुनमुन ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुनने के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय है समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### सप्त दिगम्बर मुनिराजों का सांध्य बेला में भव्य नगर पदार्पण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** परमपूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सुशिष्य परमपूज्य मुनि श्री निर्वेगसागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश सोमवार ( 1जून 2026) की सांध्य बेला में छिंदवाड़ा मार्ग से हुआ। सकल जैन समाज से सिवनी के अबाल वृद्ध नर नारी जनों का बड़ा समूह नगर सीमा पर पूज्य मुनि भगवन्तों के स्वागत अभिनंदन करने की होड़ में उमड़ पड़ा। मार्ग में अनेक बड़े बड़े स्वागत द्वार, बैंड बाजे,द्वार द्वार रंगोली, चरण प्रक्षालन,महा आरती के मध्य सप्त मुनिराजों का विराट श्रमण श्री संघ ऐतिहासिक गगन चुंबी प्राचीन बड़े जैन मंदिर में प्रविष्ट हुआ। रजत वेदिका पर विराजित अतिशयकारी बड़े बाबा भगवान पाश्र्वनाथ प्रभु की श्यामल मनभावन प्रतिमा के दर्शन कर सप्त मुनिराजों का समूह हर्ष से भाव विभोर हो उठा। उल्लेखनीय है कि विगत छिंदवाड़ा प्रवास के उपरांत नवतपे की भीषण गर्मी में वहां से बिहार कर मुनि भगवंत ससंघ सिवनी की धरा पर पदार्पण कर चुके है। श्रमण श्री संघ के नगर पदार्पण से सकल जैन समाज में भक्ति भाव,हर्ष एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ है।

# आमने-सामने 3 बाइकों की भीषण टक्कर में दो की मौत, छह गंभीर

**कहानी-धनौरा मार्ग में मंगलवार दोपहर हुई दुर्घटना, तीन गंभीर जबलपुर रैफर**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के धनौरा थाना अंतर्गत थांवरी गांव के पास 2 जून मंगलवार दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे तीन बाइक वाहनों की आमने-सामने से भीषण सीधी टक्कर हो गई। दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई है। जबकि छह घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा पहुंचाया गया। यहां तीन गंभीर घायलों को मेडिकल कालेज जबलपुर रैफर कर दिया गया है। घायलों में तीन महिलाएं भी है, घायलों की जानकारी एकत्रित की जा रही है।

धनौरा थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ ने बताया कि मृतकों की पहचान सुमान सिंह उइके (50) ग्वारी धनौरा तथा गौतम उइके (22) मठदेवरी थाना लखनादौन निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार एक दिशा से दो बाइक आ रही थी जबकि दूसरी दिशा में एक बाइक जा रही थी, जिनकी धनौरा-कहानी मार्ग में थांवरी गांव के बीच सीधी सपाट सडक़ में आमने-सामने से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर के दौरान बाइक वाहनों की रफ्तार इतनी अधिक थी कि घटनास्थल पर दो लोगों ने दमतोड़ दिया।

अन्य घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से तीन गंभीर घायलों को जबलपुर रैफर कर दिया गया है। मृतकों व घायलों के संबंध में विस्तृत एकत्रित की जा रही है।

# फार्मर आईडी में पटवारियों की गड़बड़ी से बढ़ा खाद संकट, असली किसान परेशान

**जिले की सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता प्रभावित होने के पीछे फार्मर आईडी में दर्ज गलत भूमि विवरण एक बड़ी समस्या बनकर सामने आया है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जानकारी के अनुसार, राजस्व विभाग द्वारा किसानों की फार्मर आईडी तैयार करते समय अनेक मामलों में वास्तविक कृषि भूमि से अधिक रकबा दर्ज कर दिया गया है। इतना ही नहीं, कई किसानों की फार्मर आईडी में मकान, प्लॉट एवं अकृषि भूमि का रकबा भी जोड़ दिया गया है, जिससे उनकी खाद पात्रता वास्तविक आवश्यकता से कई गुना बढ़ गई है।

उदाहरण के तौर पर, जिस किसान के पास मात्र 2 एकड़ कृषि भूमि है और जिसकी पात्रता लगभग 5 बोरी खाद की बनती है, उसकी फार्मर आईडी में 8 एकड़ या उससे अधिक रकबा दर्ज होने के कारण पात्रता 20 बोरी तक प्रदर्शित हो रही है। परिणामस्वरूप कुछ किसानों द्वारा आवश्यकता से अधिक खाद प्राप्त की जा रही है, जिससे सहकारी समितियों का उपलब्ध स्टॉक समय पूर्व समाप्त हो रहा है। इस स्थिति का सबसे अधिक प्रभाव उन वास्तविक किसानों पर पड़ रहा है, जिन्हें अपनी खेती के लिए खाद की आवश्यकता है, लेकिन स्टॉक समाप्त होने के कारण उन्हें समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई किसान लगातार समितियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है।

सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि फार्मर आईडी में दर्ज भूमि विवरण की व्यापक जांच कराई जाए तथा जिन किसानों की आईडी में कृषि भूमि के स्थान पर मकान, प्लॉट, आबादी भूमि एवं अन्य अकृषि रकबे जोड़े गए हैं, उनमें तत्काल सुधार कराया जाए। उनका कहना है कि पात्रता निर्धारण केवल वास्तविक कृषि भूमि के आधार पर किया जाए, ताकि खाद वितरण व्यवस्था पारदर्शी एवं न्यायसंगत बन सके तथा जरूरतमंद किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।

## मानव अधिकारों की निगरानी अब और सख्तः घंसौर में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग सदस्य का बड़ा संदेश



**घंसौर /** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो मंगलवार को सिवनी जिले के घंसौर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा आमजन से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में विशेष रूप से पॉक्सो सहित अन्य गंभीर प्रकरणों की प्रगति पर चर्चा की गई। आयोग सदस्य ने स्पष्ट किया कि संवेदनशील मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी प्रमुख मुद्दा रही। प्रियंक कानूनगो ने ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कई स्थानों पर चिकित्सकों द्वारा नियमित ड्यूटी नहीं किए जाने की शिकायतें सामने आती हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए वे सरकार को पत्र लिखकर कठोर कार्रवाई और आर्थिक दंड जैसी व्यवस्थाओं पर विचार करने का आग्रह करेंगे, ताकि ग्रामीण जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि यदि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचे, तो समाज में उत्पन्न होने वाली अनेक समस्याओं और धर्मांतरण जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। उनका मानना है कि जब नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलती हैं, तब सामाजिक असंतोष स्वतः कम होता है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य ने आम नागरिकों को भी जागरूक करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति के मानव अधिकारों का हनन होता है, तो वह सीधे आयोग में शिकायत दर्ज करा सकता है। ऐसी शिकायतों पर आयोग गंभीरता से संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करता है। घंसौर प्रवास के दौरान प्रियंक कानूनगो का संदेश स्पष्ट रहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, प्रशासन जवाबदेह बने और मानव अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। उनके इस दौरे को जिले में प्रशासनिक जवाबदेही और जनहित के प्रति एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# पुलिस कंट्रोल रूम में सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान एवं विदाई समारोह हुआ आयोजित



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी की गरिमामय उपस्थिति में आज पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियोका सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सेवानिवृत्त साथियों को सुखद एवं स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिवारजन भी गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। सभी ने लगभग चार दशकों की सफल एवं समर्पित सेवा के अपने अनुभव, भावनाएँ एवं विचार साझा किए।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, प्रभारी कंट्रोल रूम निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, सूबेदार जितेंद्र रावतकर, सूबेदार गौरव मर्सकोले एवं जिले के पुलिस बल के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने सेवानिवृत्त साथियों को साल, श्रीफल एवं पुष्पहार से सम्मानित कर स्मृति चिह्न एवं उपहार प्रदान किए। सेवानिवृत्त साथियों एवं उनके परिवारों से भेंट कर पुलिस अधीक्षक ने खुशी व्यक्त की तथा परिवार सहित मधुर यादों के रूप में सामूहिक छायाचित्र भी लिए। सिवनी पुलिस, सेवानिवृत्त साथियों के योगदान के लिए आभार व्यक्त करती है एवं उनके सुखद सेवानिवृत्ति जीवन की कामना करती है।

### तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर पर सिवनी यातायात पुलिस की कड़ी कार्रवाई



सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना यातायात द्वारा चेकिंग के दौरान 3 बुलेट मोटरसाइकिलों पर तेज आवाज उत्पन्न करने वाले मोडिफाइड साइलेंसर लगे पाए गए। मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए।

सिवनी पुलिस की अपील

यातायात पुलिस सिवनी ने आमजन से अपील की है कि तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंधित है। ऐसे साइलेंसर न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं बल्कि आम नागरिकों एवं मरीजों के लिए असुविधा का कारण बनते हैं। वाहन स्वामी अवैध मोडिफिकेशन न कराएं, अन्यथा कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### आरोह-2026 शिविर में 50 से अधिक कूडो खिलाडियों ने लिया प्रशिक्षण, प्रशिक्षक गोपाल कुशवाहा सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 के अंतर्गत 1 मई से 31 मई 2026 तक महावीर व्यायामशाला, नेहरू रोड सिवनी में कूडो खेल का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। शिविर में 50 से अधिक खिलाडि़यों ने भाग लेकर कूडो की विभिन्न तकनीकों, आत्मरक्षा कौशल एवं शारीरिक फिटनेस का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के नेतृत्व में किया गया। कूडो प्रशिक्षक गोपाल कुशवाहा ने बताया कि शिविर के दौरान खिलाडि़यों को खेल की तकनीकी बारीकियों, अनुशासन, आत्मरक्षा एवं मानसिक सुदृढ़ता का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास और समर्पण से खिलाड़ी भविष्य में उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। समापन समारोह में विधायक दिनेश राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कूडो प्रशिक्षक गोपाल कुशवाहा को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खिलाडि़यों को नियमित व्यायाम, अनुशासन और खेलों के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया गया। समापन अवसर पर खिलाडि़यों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों ने शिविर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।



# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 172 आवेदन प्राप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 172 आवेदन प्राप्त हुए। आयोजित जन सुनवाई में अपर कलेक्टर सी एल चनाप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।



जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम नागनदेवरी निवासी सुभद्रा बरकड़े द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाए जाने, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम नांदिया रैयत निवासी सुकाली द्वारा राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराए जाने, ग्राम करहैया जमुनिया सिवनी निवासी राजेश वामने द्वारा पेयजल समस्या के निराकरण, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम अंतरा निवासी झामसिंह टेकाम द्वारा पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कराने, ग्राम बावली कुडोपार बरघाट निवासी रमेश कुमार कुमरे द्वारा कुएं की क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने, सिवनी निवासी रामस्वरूप रजक द्वारा धोबी धर्मशाला से अवैध कब्जा हटाए जाने, सिवनी निवासी अंगद सिंह बघेल द्वारा विद्युत तारों के सुधार, डूंडासिवनी निवासी डगेंद्र कुमार चौहान द्वारा राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराए जाने, ग्राम सकरदा थाना लखनवाड़ा निवासी गुलाब सनोडिया द्वारा नक्शा काटे जाने, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम कुड्डो निवासी नारायण प्रसाद द्वारा भूमि सीमांकन कराए जाने, ग्राम सापापार निवासी विनोद कुमार एवं अन्य द्वारा ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थानांतरित कराए जाने, ग्राम समनापुर थाना कान्हीवाड़ा निवासी परताप सिंह डोंगरे द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम कातलबोड़ी थाना लखनवाड़ा निवासी पूनाराम सनोडिया द्वारा मुआवजा राशि दिलाए जाने, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम रमपुरी निवासी रामस्वरूप शिव द्वारा बयनामा रजिस्ट्री के आधार पर नामांतरण कराए जाने, आजाद वार्ड सिवनी निवासी विष्णुकुमार पुरोहित द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, सिवनी निवासी कविता ब्रम्हे द्वारा डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं नाम सुधार कराए जाने, ग्राम परतापुर सिवनी निवासी शशांक सोनकेशरिया द्वारा नलकूप की सफाई कराए जाने तथा तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम नागाबाबा निवासी प्रकाश इंचुलकर द्वारा आधार कार्ड बनाए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए गए। जनसुनवाई में कुल 172 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

## ग्रीष्म कालीन खेल शिविर आरोह का समापन



**धनौरा (सिवनी)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव , खेल एवं कल्याण मंत्री एवं सहकारी मंत्री विश्वास कैलाश शारंग ,जिला सिवनी के कलेक्टर एसपी एवं खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे जी के कुशल मार्ग दर्शन नेतृत्व में सिवनी जिला के 8 विकासखंड में 1 से 31मई तक ग्रीष्मकालीन खेल शिविर आरोह 2026 का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत विकासखंड धनौरा में वालीबाल एवं कराते का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है विकासखंड धनौरा में वॉलीबॉल के 64 एवं कराते के 46ऑन लाइन पंजीयन हुए। कराते के प्रशिक्षक राहुल यादव वालीबॉल के मुख्य प्रशिक्षक रविशंकर बक्रोड़ के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन समारोह में जनपद उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह उइके ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ नवल किशोर श्रीवास्तव ,जनपद सदस्य खैर सिंह इनवाती, डॉ नीलेश कुमार जैन, समाज सेवी, पत्रकार जगत से रामकुमार रजक,पवन अहिरवार, केशव राय, विकास समन्वयक दिलीप कुमार डेहरिया ,रवीन्द्र शिवहरे मैनेजर,विनीत जैन, वरिष्ठ खिलाड़ी,संतोष बकोड़े रामगोपाल निर्मलकर शिक्षक विकास खंड समन्वयक की उपस्थिति रही।रामप्रसाद निर्मलकर विकास खंड समन्वयक के द्वारा सभी अतिथियों का आभार वयक्त किया गया।

## शासकीय आईटीआई कुरई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

# रोजगारपरक ट्रेडों में 30 जून तक कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कुरई में सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न व्यवसायों (ट्रेडों) में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 26 मई 2026 से 30 जून 2026 तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। वहीं ट्रेड चॉइस फिलिंग एवं संस्थान मेरिट की प्रक्रिया 01 जून 2026 से 30 जून 2026 तक संचालित की जाएगी।

संस्थान में कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक तथा डीजल मैकेनिक जैसे रोजगारोन्मुखी ट्रेडों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। इन ट्रेडों के माध्यम से युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं मोबाइल नंबर आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा। संस्था प्रबंधन ने बताया कि प्रवेश संबंधी जानकारी, ऑनलाइन पंजीयन, काउंसलिंग एवं अन्य सहायता के लिए अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक कार्य दिवसों में कार्यालयीन समय पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कुरई में स्थापित हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8357862331 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में आईटीआई प्रवेश सत्र 2026 हेतु पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सिवनी एवं जिले की समस्त आईटीआई संस्थाओं में प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 26 मई 2026 से प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर स्वयं, किसी ऑनलाइन सहायता केंद्र अथवा निकटतम शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन उपरांत अभ्यर्थी 01 जून 2026 से अपनी इच्छानुसार संस्था एवं व्यवसाय (ट्रेड) का चयन कर सकेंगे। शासकीय आईटीआई सिवनी में कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (एनसीवीटी), इलेक्ट्रिशियन (एनसीवीटी), डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर (एनसीवीटी), स्टेनो हिन्दी (एनसीवीटी), वुड वर्क टेक्निशियन (एनसीवीटी), मैकेनिक मोटर व्हीकल (एनसीवीटी), वेल्डर (एनसीवीटी), ड्राफ्ट्समैन सिविल (एनसीवीटी), मैकेनिक डीजल (एनसीवीटी), फिटर (एनसीवीटी), इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक (एनसीवीटी), मशीनिस्ट (एससीवीटी) एवं टर्नर (एससीवीटी) व्यवसाय संचालित हैं। संस्थान में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष निर्धारित की गई है। अधिकांश व्यवसायों के लिए शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण रखी गई है। वहीं वुड वर्क टेक्निशियन (कारपेंटर) एवं वेल्डर व्यवसायों में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण निर्धारित है।

संस्थान प्रबंधन ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालयीन दिवसों में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सिवनी में संपर्क कर सकते हैं। हेल्पडेस्क नंबर 9425667267 एवं 8319575201 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# मोहन यादव की भाषा-गोडसेवादी मानसिकता की परिचायक है-नरेश मरावी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश के मुख्य मंत्री मोहन यादव सत्ता के नशे मे चूर होकर अपनी नाकामी से बौखलाकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के लिए अमार्यादित, अशोभनीय शब्दो का प्रयोग किया गया जो कि बहुत ही निदंनीय कृत्य है जिसकी जितनी भत्र्सना की जाए कम है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी अपनी विज्ञप्ति में कहा कि लोकतंत्र में विचारो का विरोध हो सकता है लेकिन नीतियों पर बहस हमेशा सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा को ध्यान में रखकर करना चाहिए। मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को कहें गए अपशब्द गोंडसे की मानसिकता के परिचायक है एक जिम्मेदार पद में बैठा व्यक्ति यदि इस तरह सार्वजनिक रूप से विपक्ष के नेताओं पर अपशब्द कहकर अपनी खुन्नस निकाले तो समझ लीजिए कि वह व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निर्वाहन ठीक ढंग से नही कर पा रहे है उन्हें अपने संवैधानिक पद के दायरे में रहकर विपक्ष के नेताओं को जवाब देना चाहिए। एक मजबूत विपक्ष की हैसियत से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी लगातार जनहित के मुद्दे उठा रहें है पीड़ित लोगो से स्वयं मिलने जा रहें है, विधानसभा में भी कांग्रेस के विधायक मोहन यादव से हर भ्रष्टाचार का हिसाब मांग रहें है, मोहन यादव को विपक्ष की बातो का जवाब अपने कामो से देना चाहिए, कि मध्यप्रदेश में प्रति माह कितना कर्ज सरकार ले रही है,

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एजेंसी देना है
सिवनी जिले के अंतर्गत लखनादौन, बरघाट, कहानी में हरिभूमि अखबार की एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा निधि के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
प्लाट नं. 66/1 इंडस्ट्रियल एरिया,रिछाई जबलपुर (म.प्र)
मोबाइल नंबर
9340637789
9479623424

### 17 लट्ठे और ट्रैक्टर-बाइक जप्त, 46 हजार रुपए आंकी गई सागौन की कीमत

## सागौन तस्करी का भंडाफोड़, 4 लोग पकड़ाए





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

वन विभाग की टीम ने रात्री गश्ती के दौरान गोरेघाट से बड़पानी के बीच रास्ते में बेशकीमती इमारती लकड़ी की अवैध तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने ट्रैक्टर से सागौन का अवैध परिवहन कर रहे 4 आरोपियों को पकड़ा है। उनके पास से 17 नग सागौन के लट्ठे बरामद किए गए है। इस वनोपज का कुल आयतन 0.987 घन मीटर है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 46 हजार रुपये आंकी गई है। मौके से एक मोटर साइकिल भी जप्त की गई है। पकड़े गए सभी आरोपी पठार अंचल के ग्राम महकेपार के निवासी हैं। जिनकी पहचान वासुदेव पिता मूलचंद डोंगरवार 30 वर्ष, महेश पिता जगन कोटेकार 38 वर्ष, अरविंद पिता प्यारेलाल सोनवाने 29 वर्ष और दिनेश पिता फागण लाल डोंगरवार 36 वर्ष के रुप में हुई हैं। वन विभाग ने सभी के खिलाफ वन अपराध प्रकरण क्रं. 11913/24 दिनांक 1.6.26 दर्ज किया है। जब्त वाहन और सागौन के लट्ठों को विभागीय सुपुर्दगी में लिया गया है। आगे की जांच परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्र में अवैध कटाई और तस्करी पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। रात्री गश्ती बढ़ा दी गई है। इस पूरी कार्रवाई को मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी और वन मंडल अधिकारी नित्यानंदम एल के निर्देशन में प्रशिक्षु आईएफएस उपवन मंडल अधिकारी जितेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम ने अंजाम दिया है। वन विभाग इस बात की पड़ताल करने में जुटा हुआ है कि आखिरकार आरोपियों ने किस जंगल से सागौन के पेड़ किस जंगल से काटे थे और सागौन को कहां बेचा जा रहा था।

पठार अंचल के ग्राम महकेपार और आंजनबिहरी में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला पहले ही सामने आया है। इस पूरे घटनाक्रम ने वन विभाग की कार्यप्रणाली और उसके कर्मचारियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महकेपार निवासी संदीप सोनवाने ने महकेपार में होने वाली अवैध कटाई की शिकायत डीएफओ और कलेक्टर से की। हालांकि शिकायत से पहले ही वरिष्ठ अधिकारियों को इस कटाई की जानकारी मिल चुकी थी। इसके बाद विभाग का उड़नदस्ता मौके पर पहुंचा और जांच में पाया कि जंगल में 70 से अधिक पेड़ों की कटाई की गई है, जिनमें हेमरिंग की गई थी। वहीं स्थानीय वन विभाग की टीम ने भी जांच की और नए पेड़ों में हेमरिंग की पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार जंगल में लगभग 90 पेड़ों की अवैध कटाई चिन्हित की गई। वहीं शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कटाई की संख्या इससे भी कहीं अधिक है। महकेपार में हुई अवैध कटाई के बाद प्रथम दृष्टया परिक्षेत्र सहायक और वन रक्षक को दोषी माना गया। विभाग ने इनके खिलाफ वसूली की कार्रवाई प्रस्तावित की है।

### आबकारी विभाग ने लगाया 4.31 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना

## एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने पर चार मदिरा दुकानों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में निर्धारित अधिकतम विक्रय मूल्य (एमआरपी) से अधिक दर पर मदिरा बिक्री करने के चार मामलों में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए संबंधित मदिरा दुकानों पर कुल 4 लाख 30 हजार रुपये से अधिक की शास्ति अधिरोपित कर प्रकरणों का शमन किया है।

जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का ने बताया कि विभाग द्वारा मई माह में किए गए आकस्मिक टेस्ट परचेस एवं निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट मदिरा दुकान सरेखा, आंवलाझरी, लिंगा तथा परसवाड़ा-बी में मदिरा का विक्रय निर्धारित एमआरपी से अधिक मूल्य पर किया जाना पाया गया। सभी मामलों में संबंधित आबकारी उपनिरीक्षकों द्वारा प्रकरण दर्ज किए गए तथा लायसेंसधारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। निर्धारित अवधि में कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर विभाग द्वारा एकतरफा कार्रवाई की गई।





श्री एक्का ने बताया कि 04 मई 2026 को कम्पोजिट मदिरा दुकान सरेखा में आइकॉनिक व्हाइट व्हिस्की (180 एमएल) का विक्रय 230 रुपये में किया जाना पाया गया, जबकि उसका एमआरपी 211 रुपये था। इस मामले में 1,58,650 रुपये तथा सामान्य अनुज्ञप्ति शर्तों के उल्लंघन पर 10,000 रुपये सहित कुल 1,68,650 रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई। इसी प्रकार 2 मई 2026 को कम्पोजिट मदिरा दुकान आंवलाझरी में आइकॉनिक व्हाइट व्हिस्की (180 एमएल) 230 रुपये में बेची जाना पाई गई। इस प्रकरण में 80,289 रुपये एवं 10,000 रुपये की अतिरिक्त शास्ति सहित कुल 90,289 रुपये का दंड लगाया गया।

6 मई 2026 को कम्पोजिट मदिरा दुकान लिंगा में भी आइकॉनिक व्हाइट व्हिस्की (180 एमएल) का विक्रय 230 रुपये में किया जाना पाया गया। इस मामले में 86,418 रुपये तथा 10,000 रुपये की अतिरिक्त शास्ति सहित कुल 96,418 रुपये का दंड अधिरोपित किया गया। वहीं 7 मई 2026 को कम्पोजिट मदिरा दुकान परसवाड़ा-बी में माउण्ट बीयर केन (500 एमएल) 160 रुपये में बेची जाना पाई गई, जबकि उसका एमआरपी 137 रुपये था। इस मामले में 65,708 रुपये एवं 10,000 रुपये की अतिरिक्त शास्ति सहित कुल 75,708 रुपये की शास्ति लगाई गई।

चारों मामलों में म.प्र. राजपत्र (असाधारण) दिनांक 20 फरवरी 2026 की कंडिका 21.2 के प्रावधानों के तहत प्रथम अपराध मानते हुए कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग द्वारा कुल 4,31,065 रुपये की शास्ति अधिरोपित कर प्रकरणों का शमन किया गया है।

## रात्रि में अवैध रूप से ट्रैक्टर रेत का परिवहन होने से ग्राम पंचायत की सीसी सड़क हो रही क्षतिग्रस्त



**किरनापुर।** तहसील किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बुढी के ग्राम रट्टापायली के पास देव नदी से अवैध रूप से रात्रि में रेत का अवैध खनन कर ग्राम के अंदर बनी सीसी सड़क को बर्बाद कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों में आक्रोश प्राप्त है। एसडीएम या तहसीलदार इस ग्राम की ओर विशेष कर ध्यान देने की आवश्यकता है, अगर ऐसी ही हालात बने रहे तो ग्रामीणों को उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात में अवैध रूप से ग्राम पंचायत की सीसी सड़कों को क्षतिग्रस्त होना एक गंभीर समस्या है इस पर तुरंत रोक लगाई जाने की आवश्यकता खनिज व पुलिस विभाग की है।

## तेज धूप में भी कार्य करते विद्युत कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेहरई में कुछ जगह पर लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई थी। जिसको बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तपती धूप में भी कार्य करते हुए बिजली का काम किया। जिससे ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्या से छुटकारा मिला। जैसे कि आपको मालूम होगा कि दो दिन पहले तेज़ आंधी तूफान आने से कुछ जगह पर बिजली के तार टुट गये थे। जिसके चलते बिजली भी बंद रहीं थीं। जिसके चलते बिजली विभाग के कर्मचारियों ने देर रात तक काम किया और बिजली चालू कराई लेकिन बिजली आने के बाद कुछ जगह पर लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई थी। जिसको बिजली कर्मचारियों ने तपती धूप में काम करते हुए बिजली सुचारू रूप से चालू कराई। जिसमें बिजली विभाग के कर्मचारियों दिनेश राहंगडाले, बाघमारे जी लाइनमैन एवं मनोज राहंगडाले मौजूद रहे।

### दोस्तों ने कार से निकाला; पति घायल, बच्चे सुरक्षित

## कान्हा जा रहे परिवार का वाहन पलटा, पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**मंगलवार दोपहर बालाघाट-बैहर मार्ग पर उद्‌घाटी के पास एक कार पलटने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे में महिला के पति को हाथ में चोटें आई हैं, जबकि उनके बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। यह घटना दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच हुई।**

जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के आमगांव और गोंदिया से तीन दोस्त अपने परिवारों के साथ कान्हा घूमने जा रहे थे। वे अलग-अलग वाहनों में सफर कर रहे थे।

एक वाहन में आमगांव के बनगांव निवासी व्यवसायी निमेष



दमाहे (42), उनकी पत्नी दुर्गेश्वरी (32) और बच्चे यश (8) व रूचि (5) सवार थे। बताया गया कि उद्‌घाटी के पास निमेष का वाहन एक बस को साइड देने के चक्कर में पलट गया।

उनके आगे चल रहे दोस्त कमलेश सहारे ने अपनी गाड़ी के साइड मिरर से निमेष की कार को



पलटते देखा। उन्होंने तुरंत गाड़ी रोकी और घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन में फंसे निमेष, उनकी पत्नी और बच्चों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल दुर्गेश्वरी को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कमलेश सहारे ने बताया कि दुर्गेश्वरी को गंभीर चोटें लगी थीं, जबकि अन्य लोग सुरक्षित हैं। अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। संबंधित घटनास्थल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अंतर्राज्यीय बाढ़ नियंत्रण समन्वय के लिए हुई बैठक

**बालाघाट।** आगामी मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार 01 जून 2026 को कलेक्टर कार्यालय बालाघाट के सभाकक्ष में अंतर्राज्यीय बाढ़ नियंत्रण समन्वय संबंधी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई।

इस बैठक में पड़ोसी महाराष्ट्र राज्य जिलों के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले में स्थित प्रमुख जलाशयों एवं बांध परियोजनाओं के अधिकारियों को मानसून के दौरान सतर्कता बरतने तथा निरंतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलग्रहण क्षेत्रों में होने वाली वर्षा एवं जलाशयों के जलस्तर की नियमित निगरानी की जाए ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति का समय रहते आकलन किया जा सके।

कलेक्टर ने संजय सरोवर परियोजना (भीमगढ़), केवलारी के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि जलग्रहण क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने अथवा जलाशय के जलस्तर में वृद्धि की स्थिति में समय-समय पर व्हाट्सएप एवं अन्य माध्यमों से जानकारी साझा करते हुए बाढ़ नियंत्रण कक्ष बालाघाट को तत्काल अवगत कराया जाए।

## हौसलों की उड़ान : एक पैर से दिव्यांग कार्तिक ने पाई नौकरी, अब कमा रहे 40 हजार रुपये प्रतिमाह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**दृढ़ इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन मिलने पर कोई भी बाधा सफलता की राह में रुकावट नहीं बन सकती। इसका प्रेरणादायक उदाहरण बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के ग्राम भीमोड़ी निवासी 22 वर्षीय युवा कार्तिक दिलीप बंबूरे हैं, जिन्होंने शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद अपने आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत की है।**

कार्तिक एक पैर से चलने में असमर्थ हैं, लेकिन उन्होंने कभी अपनी शारीरिक चुनौती को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। रोजगार की तलाश के दौरान उन्हें लांजी स्थित दृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के संचालक सचिन चावड़ा के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रोजगार मेलों की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने अवसर का लाभ उठाने का निर्णय लिया और रोजगार मेले में भाग लिया। जिला प्रशासन बालाघाट द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जा रहे रोजगार मेलों ने कार्तिक के जीवन की दिशा बदल दी। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें अहमदाबाद स्थित Yazaki India Private Limited में रोजगार का अवसर मिला। वर्तमान में वे कंपनी में कार्यरत हैं और प्रतिमाह लगभग 30 से 40 हजार रुपये का वेतन अर्जित कर रहे हैं।

कार्तिक बताते हैं कि यदि उन्हें रोजगार मेले की जानकारी और उचित मार्गदर्शन नहीं मिलता, तो शायद उन्हें यह अवसर प्राप्त नहीं हो पाता। आज वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं और अपने परिवार को भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि सही समय पर मिला अवसर और मार्गदर्शन किसी भी व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। रोजगार प्राप्त करने के बाद कार्तिक ने कलेक्टर मृणाल मीना से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की रोजगारोन्मुखी पहल और रोजगार मेलों ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। कार्तिक ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जिले के अन्य युवाओं को भी ऐसे अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कार्तिक की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। रोजगार मेले युवाओं और कंपनियों के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य कर रहे हैं, जिससे अनेक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है।

कार्तिक की यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो रोजगार की तलाश में हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि चुनौतियां चाहे कितनी भी बड़ी हों, यदि संकल्प मजबूत हो और सही अवसर मिल जाए, तो सफलता निश्चित रूप से हासिल की जा सकती है।

## कर्मचारियों ने अनेक मांगों को लेकर नपा गेट चालू किया हड़ताल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। कर्मचारियों को नियमित करने,समयमान वेतनमान का लाभ देने, सामाजिक सुरक्षा, बीमा ,पेंशन दिए जाने सहित वर्षो से लंबित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार की सुबह से नपा कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई।भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मंगलवार सुबह शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान नपा कर्मचारियों ने नपा प्रबंधन पर ,कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं करने का आरोप लगाते हुए उनकी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की।वही मांग पूरी ना होने तक उनकी यह हड़ताल जारी रखने की चेतावनी दी है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हड़ताल को लेकर नपा कर्मचारी मंगलवार की सुबह रोजाना की तरह काम पर नगरपालिका तो पहुंचे, लेकिन उन्होंने साफ सफाई सहित अन्य कार्यों को पूरी तरह से ढप कर दिया और नगर पालिका के गेट को बंद कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी। जिन्होंने मांगो को लेकर अक्सर आश्वासन मिलने और मांग पूरी ना होने का आरोप लगाते हुए,हड़ताल के दौरान जमकर नारेबाजी की,कर्मचारियों ने स्पष्ट कर दिया कि अब आश्वासन पर उनकी यह हड़ताल स्थागित नही होगी,और जबतक उनकी मांग ना पूरी नही हो जाती उनकी यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

नगर पालिका में कार्य करने वाले विनियमित, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।जिसमें कर्मचारियों ने भी नियमित श्रमिकों को शासकीय कर्मचारी जैसी सुविधा प्रदान करने, अनुकंपा नियुक्ति देने, पेंशन का लाभ दिए जाने, दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर उन्हें भी नियमित किए जाने, दैनिक वेतन भोगियों के 15 दिनों के भीतर नियमितीकरण के आदेश जारी करने ,सभी कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक वेतन देने ,रुके हुए वेतन का तुरंत भुगतान किए जाने ,ईपीएफ का लेखा-जोखा देने,बढी हुई नई कलेक्टर दर से भुगतान करने, स्थाई श्रमिकों को शासन के नियमानुसार साबुन, ड्रेस ,साड़ी सहित अन्य सुरक्षा कवच प्रदान करने, 10 वर्ष से अधिक सेवा देने वाले कर्मचारियों को 1500 से 2 हज़ार रु का अतिरिक्त वेतन दिए जाने सहित वर्षो से लंबित अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगे पूरी किए जाने की गुहार लगाई है।

कर्मचारियों का आरोप है कि अप्रैल माह से शासन द्वारा लागू किए गए न्यूनतम दर से मान्यदेय का भुगतान नही किया जा रहा है,सभी कर्मचारियों को पिछला वेतनमान में न्यूनतम वेजेस का अंतर डिफ्रेंस एरियस का भुगतान अब तक नही किया गया है जो एक मुस्त तत्काल दिया जाए,नगर पालिका में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पेमेंट ऑफ वेजेस के तहत माह के 10 तारीख के अंदर करना चाहिए लेकिन ऐसा नही किया जा रहा है।,समस्त कर्मचारियों को मासिक वेतन पर्ची (बॉऊचर) वेतन के पूर्व दिया जाना चाहिए लेकिन ऐसा नही हो रहा है।हमारी मांग है कि कर्मचारी के माह में हाजरी एवं पूर्ण भुगतान तथा कटौती की गई भविष्य निधि राशी का स्पष्ट उल्लेख पर्ची में होना चाहिए,लेकिन कर्मचारियों को इसका लेखा जोखा नही मिल पा रहा है।समस्त कर्मचारियों को कार्य के दौरान सेफ्टी सामग्री जैसे कि सफाई कर्मचारी को जूता, दस्ताने, विद्युत कर्मचारी को सुरक्षा हेतु उच्च सुरक्षा कवच देना चाहिए, महिला कर्मचारी को मातृ अवकाश मिलना चाहिए, वर्ष के उपरांत डेलीविजेस में समस्त विभाग के कार्यरत कर्मचारी को नियमित करना चाहिए और जिन कर्मचारी ने 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है ऐसे कर्मचारी को 2000 रु. प्रति माह सिनियारटी भत्ता मिलना चाहिए, लेकिन ऐसा नही हो रहा है।

## जिले में अगले पांच दिनों तक हल्की बारिश, आंधी और बिजली गिरने की संभावना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त 5 दिवसीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 3 जून से 7 जून 2026 तक मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की वर्षा, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने तथा आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। वहीं हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

जिला कृषि मौसम इकाई एवं कृषि विज्ञान केंद्र, बड़गांव के वैज्ञानिक डा धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि जारी पूर्वानुमान के अनुसार उक्त अवधि में अधिकतम तापमान 38.6 से 40.3 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 25.2 से 26.6 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सुबह के समय वायुमंडलीय आर्द्रता 51 से 56 प्रतिशत तथा दोपहर में 25 से 28 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दिनों में सामान्य हवा की गति 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटा



रहने की संभावना है, जो मुख्यतः दक्षिण-पूर्व दिशा से चलेगी। हालांकि गरज-चमक और आंधी के दौरान हवा की रफ्तार अचानक बढ़कर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

कृषि विज्ञान केंद्र, बालाघाट ने किसानों को मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों की योजना बनाने की सलाह दी है। साथ ही आंधी, बिजली गिरने और तेज हवाओं के दौरान खेतों एवं खुले स्थानों पर अनावश्यक रूप से नहीं रुकने तथा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने की अपील की गई है।

जिला कृषि मौसम इकाई ने किसानों से मौसम संबंधी नवीनतम जानकारी एवं कृषि परामर्श के लिए नियमित रूप से कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जारी सलाह का पालन करने का आग्रह किया है।

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन | फिटर
विशेषताएं:-
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA | M.Sc.(CS) | DCA | PGDCA

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING: POLYTECHNIC, B.TECH | M.TECH, Part Time/Full Time
PHARMACY: • D. PHARMACY • B. PHARMACY • M. PHARMACY
AGRICULTURE: • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agri) Engg. • M.Sc. (Ag.) • ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111